आजाद सिपाही – 16.06.2022

## कार्यक्रम : सीआरपीएफ 172 बटालियन ने मनाया 19वां स्थापना दिवस

# सीआरपीएफ जवान अपने दायित्व के साथ-साथ जन सरोकार के कार्य भी करते हैं : कमांडेंट

**जिम, टेनिस कोर्ट एवं कैंटिन का उद्घाटन सहित विभिन्न कार्यक्रमों का किया गया आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सीआरपीएफ 172 बटालियन का 19वां स्थापना दिवस बुधवार को पुलिस लाइन स्थित सीआरपीएफ कैंप में मनाया गया कार्यक्रम की शुरूआत शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर कमांडेंट आशीष कुमार झा ने किया स्थापना दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि, क्वार्टर गार्ड पर सलामी सैनिक सम्मेलन का आयोजन नवनिर्मित जिम का उद्घाटन लॉन टेनिस कोर्ट का उद्घाटन, पौधरोपण, कैंटीन की शुरूआत, रक्तदान शिविर का आयोजन एवं मेला का उद्घाटन सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर सीआरपीएफ कमांडेंट आशीष कुमार झा ने कहा कि सीआरपीएफ जवान अपने दायित्व के साथ-साथ जन सरोकार के कार्य भी करते हैं। उन्होंने कहा कि जंगलों में नक्सली अभियान के साथ नक्सल प्रभावित इलाके के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने का अधिकार लगातार किया जा रहा है नक्सल प्रभावित इलाके के बच्चों को दूसरे प्रदेशों की भाषा जानने रोजगार से जोड़ने का भी कार्य किया जा रहा है उन्होंने कहा कि आज स्थापना दिवस पर विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए जिस में वृक्षारोपण रक्तदान सहित विभिन कार्यक्रम शामिल हैं। वही शाम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कलाकारों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया मौके पर सीआरपीएफ के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ देवाशीष साहा कमान अधिकारी जयप्रकाश सिंह उप कमांडेंट यू आर एस रामेश्वरम सहायक कमांडेंट दीपक कुमार मिश्रा गिरधर सिंह सूबेदार मेजर दीपक कुमार स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर संतोष कुमार मिश्रा ब्लड बैंक प्रभारी डॉ वीरेंद्र कुमार डॉ आर एस सिंह सहित कई सीआरपीएफ के जवान उपस्थित थे।

मौके पर अंजनी कुमार झा पुलिस अधीक्षक ने बटालियन 172 सीआरपीएफ तथा गढ़वा पुलिस के बेहतरीन सामंजस्य को अनुकरणीय बताया जिले में की जा रही परिचालन इक गतिविधियों में 172 बटालियन सीआरपीएफ की भूमिका की उन्होंने सराहना की।

दैनिक भास्कर 16.06.2022

**कार्यक्रम** • सीआरपीएफ 172 बटालियन का 19वां स्थापना दिवस पुलिस लाइन के सीआरपीएफ कैंप में मना

# जन सरोकार का कार्य करती है सीआरपीएफ : कमांडेंट

**भास्कर न्यूज** | गढ़वा

सीआरपीएफ 172 बटालियन का 19वां स्थापना दिवस बुधवार को पुलिस लाइन स्थित सीआरपीएफ कैंप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर किया गया। स्थापना दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि, क्वार्टर गार्ड पर सलामी, सैनिक सम्मेलन का आयोजन, नवनिर्मित जिम का उद्घाटन, लॉन टेनिस कोर्ट का उद्घाटन, वृक्षारोपण, यूनिट कैंटीन की शुरुआत, रक्तदान शिविर का आयोजन और मेला का आयोजन सहित विभिन्न तक कार्यक्रम के आयोजन किया गया। मौके पर सीआरपीएफ कमांडेंट आशीष कुमार झा ने कहा कि सीआरपीएफ जवान अपने दायित्व के साथ-साथ जन सरोकार के कार्य भी करते हैं। उन्होंने कहा कि जंगलों में नक्सली अभियान के साथ नक्सल प्रभावित इलाके के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने का अधिकार लगातार किया जा रहा है। नक्सल प्रभावित इलाके के बच्चों को दूसरे प्रदेशों की भाषा जानने रोजगार से जोड़ने का भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज स्थापना दिवस पर विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिस वृक्षारोपण रक्तदान सहित विभिन कार्यक्रम शामिल हैं। वही शाम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर कमान अधिकारी जयप्रकाश सिंह, उप कमांडेंट यू आर एस रामेश्वरम, सहायक कमांडेंट दीपक मिश्रा, गिरधर सिंह, सूबेदार मेजर दीपक कुमार, डॉक्टर संतोष कुमार मिश्रा, डॉ वीरेंद्र कुमार, डॉ आर एस सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।




वृक्षारोपण करते सीआरपीएफ कमांडेंट।

दैनिक जागरण – 16.06.2022

# सीआरपीएफ 172 बटालियन का मना 19वां स्थापना दिवस, किया रक्तदान

**संवाद सहयोगी, गढ़वा** : सीआरपीएफ 172 बटालियन का 19वां स्थापना दिवस बुधवार को पुलिस लाइन स्थिति सीआरपीएफ कैंप में धूम धाम से मनाया गया। स्थापना दिवस के मौके पर सीआरपीएफ कैंप परिसर में पौधरोपण किया गया। पौधरोपण करने के बाद सीआरपीएफ के पदाधिकारियों व जवानों ने रक्तदान किया। स्थापना दिवस की शुरूआत सीआरपीएफ के कमांडेंट आशीष कुमार झा ने सीआरपीएफ परिसर में शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर किया। इस मौके पर आशीष कुमार झा ने कहा कि सीआरपीएफ 172 बटालियन अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन के साथ- साथ जन सरोकार व संबंधित दायित्वों के निर्वहन में भी हमेशा तत्पर रहता है। पर्यावरण की सुरक्षा के पुनीत उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सीआरपीएफ परिसर में पौधरोपण किया गया हैं। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस पर स्थापना दिवस मेला का आयोजन किया गया है। वहीं एसपी



रक्तदान करते सीआरपीएफ के कमांडेंट आशीष कुमार झा ● जागरण

अंजनी कुमार झा ने कहा कि सीआरपीएफ 172 बटालियन तथा गढ़वा पुलिस आपस में मिल जुलकर काम करती है। गढ़वा जिले में की जा रही परिचालनिक गतिविधियों में 172 बटालियन सीआरपीएफ की भूमिका बेहतर है। इस मौके पर कमांडेंट आशीष झा की पत्नी संध्या झा, डा. देवाशीष साहा, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डा. जय प्रकाश सिंह, द्वितीय कमांडेंट यू आर रामेश्वरम, उप कमांडेंट दीपक मिश्रा, सहायक कमांडेंट गिरधर सिंह, मास्के हर्ष गौतम आदि थे।

आजाद सिपाही – 17.06.2022

**तैयारी :** पुलिस को मिले इनपुट के बाद झारखंड में हाइ अलर्ट, बढ़ायी गयी के धार्मिक स्थलों की सुरक्षा

# रांची के कई इलाके सील, रैफ के जवान तैनात

**हैं तैयार हम**





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में 10 जून को हुई हिंसा के बाद खुफिया विभाग ने पूरे झारखंड को अलर्ट किया है। राज्य के कई धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी है। इधर, रांची जिला प्रशासन को खुफिया विभाग को इनपुट मिला है कि इस शुक्रवार को भी कुछ लोग जुलूस निकालने की तैयारी में हैं। यह जुलूस भी जुमे की नमाज के बाद निकाला जा सकता है, ऐसी रिपोर्ट जिला प्रशासन को मिली है। इसे लेकर पुलिस-प्रशासन ने शहर के कई इलाकों में स्थित धार्मिक स्थलों की सुरक्षा कड़ी कर दी है। धार्मिक स्थलों के आसपास कई जगह बैरिकेडिंग कर दी गयी है, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा पुलिस बल की भी बड़ी संख्या में तैनाती की गयी है, ताकि 10 जून जैसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो। सुरक्षा कारणों से रांची के हिंदपीढ़ी, कडरू, डोरंडा आदि कई इलाकों को सील कर दिया गया है। मेन रोड में भी बैरिकेडिंग की गयी है। हर आने-जाने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर है। दूसरे जिलों से भी वाटर कैनन और वज्र वाहन मंगाये गये हैं। रांची में अभी छह थाना क्षेत्रों में निषेधाज्ञा लागू है।

### अल्बर्ट एक्का चौक पर हुई मॉक ड्रिल

पुलिस ने गुरुवार को मॉक ड्रिल भी की। लाठी चार्ज करना होगा, तो कैसे करना है, पथराव होगा, तो कैसे बचना है, इसे लेकर अल्बर्ट एक्का चौक के पास गुरुवार को मॉक ड्रिल की गयी। वहीं, न्यू आरक्षी केंद्र में रिहर्सल भी हुई है। डीआइजी अनीश गुप्ता और एसएसपी एसके झा खुद जवानों को समझा रहे थे। साथ ही, धार्मिक संगठनों के नेताओं के साथ पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बैठक भी की है। डेली मार्केट थाना में शांति समिति की बैठक हुई।

दैनिक भास्कर – 17.06.2022

# रांची फ्रंट पेज

सूर्यास्त (शुक्रवार) 6.37 बजे | सूर्योदय (शनिवार) 5.03 बजे

रांची, शुक्रवार, 17 जून, 2022



अल्बर्ट एक्का चौक पर आंसू गैस गन से मॉक ड्रिल करते रैफ जवान।

# सुरक्षित हाथों में शहर

## राजधानी में चौकसी बढ़ी, शांति भंग करने वालों से सख्ती से निपटेगी पुलिस, रैफ जवानों ने आंसू गैस गन के साथ मेन रोड में किया मॉक ड्रिल

क्राइम रिपोर्टर | रांची

उपद्रवियों से निपटने और शांति-सौहार्द कायम रखने के लिए रांची पुलिस पूरी तरह से तैयार है। पत्थरबाजी, दंगा-फसाद समेत अन्य किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था है। उन्मादी भीड़ को कैसे नियंत्रित करें, इसके लिए रैफ जवानों ने मेन रोड पर आंसू गैस और रबर बुलेट गन के साथ मॉक ड्रिल किया। इस दौरान एसएसपी-सिटी एसपी समेत पुलिस के अन्य कई वरीय अधिकारी भी मौजूद थे। वहीं विशेष परिस्थिति में बैरिकेटिंग किए गए स्थानों पर वाहन सवार को रोकने का भी पूर्वाभ्यास किया गया।

### 3 हजार जवान सिर्फ मेन रोड में तैनात

डीआईजी ने बताया कि 3000 जवानों की तैनाती सिर्फ मेन रोड में है। इनमें रैफ, सैप, आईआरबी, जैप, एसआरबी और जिला बल के हैं। इधर, सार्जेंट मेजर अभिनव कुमार ने कहा कि मेन रोड में कितने जवानों की तैनाती है, जानकारी नहीं है।

### 7 थाना क्षेत्र में 12 विशेष प्लाटून तैनात

बरियातू, हिंदपीढ़ी, डोरंडा, चुटिया, लोअर बाजार, सुखदेवनगर और कोतवाली थाना क्षेत्र के लिए 12 विशेष प्लाटून बुलाया गया है। आपात स्थिति में ये उतारे जाएंगे।

### अंजुमन की अपील

## जुमे की नमाज अदा करने के बाद घरों में रहें लोग

अंजुमन इस्लामिया के महासचिव मोख्तार अहमद ने अपील की है कि मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा करने के बाद घर में रहें, शांति कायम रखने में पहल करें। ऐसी ही अपील एकरा मस्जिद मजलिस-ए-शूरा व अमन यूथ सोसाइटी ने की है।



डोरंडा यूनुस चौक पर की गई बैरिकेडिंग।

## एसएसपी ने कहा- आने-जाने वाले हर शख्स पर नजर रखें सभी थानेदार

एसएसपी सुरेंद्र कुमार झा ने सभी थानेदारों को आने-जाने वाले हर शख्त पर नजर रखने का निर्देश दिया है। वहीं पीसीआर और पेट्रोलिंग गाड़ी को भी गश्त करने को कहा है।

## बापू वाटिका में जला शांति का दीप, डीसी बोले- रांची शांतिदूतों की नगरी

डीसी छवि रंजन के नेतृत्व में रांची में आपसी सौहार्द बनाए रखने के लिए मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में शांति का दीप जलाया गया। डीसी ने कहा कि रांची शांतिदूतों की नगरी है। केंद्रीय शांति समिति के सभी सदस्य शांतिदूत हैं। इन सभी के सहयोग से और रांची वासियों की मदद से रांची में अमन बना रहेगा।

दैनिक भास्कर – 18.06.2022

## बलों की कमी से नक्सल विरोधी अभियान प्रभावित

# राज्य से बाहर भेजी गई सीआरपीएफ की 18 कंपनियों को वापस लाने का अनुरोध

पॉलिटिकल रिपोर्टर | रांची

राज्य के विभिन्न उग्रवाद प्रभावित जिलों में संयुक्त बलों की कार्रवाई से नक्सली बौखलाहट की स्थिति में है तथा अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए विध्वंसक कार्रवाई को अंजाम दे सकते हैं। दूसरी ओर झारखंड में नक्सल विरोधी अभियान के लिए प्रतिनियुक्त सीआरपीएफ की कंपनियों में से साइट पर तैनात 18 कंपनियों को राज्य से बाहर प्रतिनियुक्त कर दिया गया है। इससे नक्सल उन्मूलन अभियान पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। आईजी अभियान ने इस सिलसिले में गृह विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि झारखंड से बाहर प्रतिनियुक्त की गई सीआरपीएफ की कंपनियों को पुन झारखंड में वापस लाते हुए उसके स्थान पर किसी अन्य राज्य से सीआरपीएफ की कंपनियों को प्रतिनियुक्त करने हेतु अपने स्तर से गृह मंत्रालय, भारत सरकार से पत्राचार किया जाए।

आईजी अभियान ने पत्र में कहा है कि राज्य में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगातार नक्सल उन्मूलन अभियान सीआरपीएफ एवं राज्य बलों द्वारा संयुक्त रूप से चलाया जा रहा है। जनवरी 2021 से अप्रैल 2022 तक कुल 625 माओवादी एवं अन्य संगठन के सदस्यों की गिरफ्तारी हुई है।

आजाद सिपाही – 19.06.2022

## गुमला और लोहरदगा के अलग-अलग थानों में दर्ज हैं 17 आपराधिक मामले

# एक लाख के इनामी नक्सली जतरु खेरवार ने थाने में किया आत्मसमर्पण

**राज्य सरकार की नई दिशा नीति से प्रेरित होकर नक्सली मुख्य सामाजिक धारा में लौट रहे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** राज्य को नक्सल मुक्त करने के लिए सरकार की ओर से चलाए जा रहे महत्वपूर्ण आत्मसमर्पण नीति **नई दिशा** से प्रेरित होकर शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक लाख रुपये के इनामी भाकपा माओवादी के एरिया कमांडर रहे जतरू खेरवार उर्फ टाना खेरवार ने आत्मसमर्पण कर दिया। वह लोहरदगा के ही पेशरार थाना क्षेत्र स्थित पुतरार का रहने वाला है। इस मौके पर डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी आर रामकुमार, एसडीपीओ बीएन सिंह, डीएसपी अभियान दीपक पांडेय, समादेष्टा सीआरपीएफ-158, सीआरपीएफ अधिकारी, किस्को थाना प्रभारी अभिनव कुमार और पेशरार थाना प्रभारी ऋषिकांत शर्मा आदि मौजूद थे। लोहरदगा पुलिस के सामने सरेंडर करने के बाद इनामी नक्सली जतरू खेरवार ने बताया कि कुख्यात नक्सली नकुल यादव ने साल 2013 में उसे जबरदस्ती घर से उठाया और नक्सली संगठन में शामिल करा दिया। जिसके बाद से वह लगातार नक्सली संगठन के लिए काम करता रहा। इस दौरान उसे बड़े नक्सलियों के शोषण का शिकार होना पड़ा। कोई लाभ नहीं मिला। बड़े नक्सलियों का शोषण सहने के बाद बेहतर भविष्य को देखते हुए संगठन छोड़ समर्पण किया है। नक्सली जतरू के खिलाफ लोहरदगा और गुमला जिले के अलग-अलग थानों में 17 मामले दर्ज हैं। जिनमें लोहरदगा जिले के पेशरार थाना, सेरेंगदाग थाना, किस्को थाना, बगड़ू थाना और गुमला जिले के विशुनपुर थाने में मामले दर्ज हैं। सीएलए एक्ट, आर्म्स एक्ट, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, यूपीए एक्ट से जुड़े केस उसपर दर्ज हैं। इस मौके पर डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली पर एक लाख का इनाम घोषित था। ऑपरेशन डबल बुल की दबिश और ऑपरेशन नई दिशा से प्रेरित होकर नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं। उन्होंने भटके हुए युवाओं को मुख्यधारा में लौटने के लिए अपील की है। एसपी आर रामकुमार ने बताया कि सरकार की ऑपरेशन नई दिशा नक्सली संगठनों के बीच काफी लोकप्रिय होते जा रही है। परिणाम स्वरूप भाकपा माओवादि सहित अन्य कई प्रबंधित नक्सली संगठनों के नक्सली झारखंड पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर रहे हैं। सरकार की इस नीति के सफलता से झारखंड पुलिस उत्साहित है। झारखण्ड को नक्सल मुक्त राज्य बनाने को कृतसंकल्पित है। एसपी ने बताया कि पुलिस द्वारा हाल में चलाये गये विशेष अभियान **डबल बुल** के बाद पुलिस की बढ़ती दबिश और संगठन के आंतरिक शोषण से क्षुब्ध होकर व झारखण्ड सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर नक्सली ने आत्मसमर्पण किया।



इनामी नक्सली के आत्मसमर्पण करने पर फूलों का हार पहना कर स्वागत करते अधिकारी।

आजाद सिपाही – 19.06.2022

# लातेहार में भाकपा माओवादियों के खिलाफ सुरक्षा बलों की बड़ी कार्रवाई, विस्फोटकों से भरे चार सिलिंडर बम बरामद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हेरहंज/लातेहार।** जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र में शनिवार ोक भाकपा माओवादियों के खिलाफ सुरक्षा बलों से बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान सुरक्षा बल के जवानों ने विस्फोटकों से भरे चार सिलिंडर बम भी बरामद किये हैं। मिली जानकारी के अनुसार सीआरपीएफ के 11 वीं बटालियन के कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी को इस संबंध में गुप्त सूचना मिली थी। जिसके बाद सीआरपीएफ 11 वीं बटालियन के सेरनदाग और हेरहंज स्थित कंपनी और हेरहंज थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने हेरहंज थाना क्षेत्र के तिलेटांड के समीप इचाक के जंगलों में तलाशी अभियान शुरू किया। इसी बीच जंगल में बिस्फोटकों से भरे चार सिलेंडर बम बरामद हुए। सुरक्षा बल के अधिकारी के अनुसार प्रत्येक सिलिंडर बम का वजन लगभग 12-14 किलोग्राम था। इन विस्फोटकों का इस्तेमाल भाकपा माओवादियों द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए किया जा सकता था। जवानों ने सभी सिलेंडर बम को मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया। इस अभियान में सीआरपीएफ एफ/11 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कनौजिया और जे के जोशी समेत सीआरपीएफ के अन्य जवान मौजूद रहे।



झाड़ियों में घात लगाए सुरक्षा बल के जवान।



जंगल से बदामद हुआ विस्फोटक भरा सिलिंडर।

## झारखंड बीजेपी मुख्यालय पर हमले की आशंका

# रैफ और जिला पुलिस के 100 से ज्यादा जवान तैनात

**राष्ट्रीय खबर**



**रांचीः** झारखंड के प्रदेश बीजेपी मुख्यालय पर हमले की आशंका जताई गई है। इसे लेकर रैफ और जिला पुलिस के 100 से अधिक जवानों को पार्टी मुख्यालय के सामने तैनात किया गया है। पुलिस ने बीजेपी दफ्तर को घेर लिया है। बेरिकेडिंग कर दी गई है। अरगोड़ा सीओ और थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस बल मुस्तैद है। सीए अरविंद कुमार ओझा ने बताया कि ऐसी इनपुट मिली है कि आज अग्निवीर स्कीम को लेकर छात्र प्रदर्शन कर सकते हैं, हमले की भी आशंका है। गौरतलब है कि देशभर में केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना को लेकर हिंसक प्रदर्शन जारी है।

इसी बीच बिहार में आर्मी अभ्यर्थियों ने बिहार में बीजेपी दफ्तरों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। पहले गुरुवार को नवादा में बीजेपी के जिला कार्यालय में पथराव, तोड़फोड़ कर आगजनी की गई। वहीं नवादा आ रहीं वारिसलीगंज की विधायक अरुणा देवी की गाड़ी पर अभ्यर्थियों ने पथराव कर दिया। महिला विधायक बाल-बाल बच गईं और पैदल ही मौके से जान बचाकर निकल गईं। इसके बाद शुक्रवार को अभ्यर्थियों ने मधेपुरा में बीजेपी के दफ्तर में तोड़फोड़ की और कैंपस में आगजनी की।

दैनिक भास्कर – 20.06.2022

**नहीं हो चूक** • 3000 सुरक्षाबल जिलेभर में तैनात, 500 पुलिस पदाधिकारी व मजिस्ट्रेट रखेंगे बंद पर नजर

**अग्निपथ के विरोध में भारत बंद आज**

# 13 रेलवे स्टेशनों पर सीआरपीएफ हुई तैनात, ड्रोन से होगी निगरानी

सिटी रिपोर्टर | औरंगाबाद

अग्निपथ के विरोध में विरोधियों का भारत बंद आज यानी सोमवार को है। भीड़ पर काबू रखने और उससे निपटने की प्रशासन ने तमाम तैयारियां पूरी कर ली है। अब तक सेना अभ्यर्थी और उपद्रवियों द्वारा थाना, प्रखंड, पब्लिक प्रोपर्टी और रेलवे को निशाना बनाया गया है। जिसके कारण जिला प्रशासन ने जिले के सभी छोटी-बड़ी 13 स्टेशनों की सुरक्षा के लिए भारी संख्या में सीआरपीएफ जवानों को तैनात किया है। वहीं ड्रोन से भी बंद पर नजर रखा जाएगा। ताकि किसी भी घटना को रोका जा सके। इसके साथ-साथ जिलेभर के सभी थानों को अलर्ट पर रखा गया है। सुबह से लेकर रात तक गश्त किया जाएगा। सभी चौकीदारों से असमाजिक तत्वों का खुफिया इनपुट इकट्ठा किया गया है। जिसके जरिए उनपर कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने तीन दिनों में सात एफआईआर दर्ज कर 60 लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रशासन के एक्शन से असमाजिक तत्वों में खौफ है। भारत बंद को देखते हुए जिला प्रशासन ने जिले के सभी संवेदनशील प्रखंड और प्रमुख स्थानों पर 3000 सुरक्षाबलों को तैनात किया है। 500 पुलिस पदाधिकारी और मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है। सीधे डीएम सौरभ जोरवाल और एसपी कांतेश कुमार मिश्रा इन अधिकारियों से जुड़े रहेंगे और किसी भी स्थिति से निपटने का निर्देश देंगे।



रफीगंज रेलवे स्टेशन पर तैयारी का जायजा लेते डीएम सौरभ जोरवाल व एसपी कांतेश कुमार मिश्रा।

### उपद्रव में शामिल होने वाले नहीं बनेंगे अग्निवीर, योजनाओं से भी वंचितः डीएम

*अग्निपथ योजना के विरोध में हंगामा और उपद्रव करने वाले अभ्यर्थी अग्निवीर नहीं बनेंगे। उन्हें चरित्र प्रमाण पत्र नहीं दिया जाएगा। इसके साथ-साथ सरकारी योजनाओं से वंचित करने के लिए सरकार को लिखा जाएगा।*

**-सौरभ जोरवाल,** डीएम

### बोले एसपी-कानून हाथ में लेने वाले उपद्रवियों को बख्शा नहीं जाएगा

*बंद को देखते हुए भारी संख्या में सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है। स्टेशनों की सुरक्षा में सीआरपीएफ तैनात किए गए हैं। कानून हाथ में लेने वाले उपद्रवियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।*

**-कांतेश कुमार मिश्रा,** एसपी

### प्रशासन के राडार पर कोचिंग, अभ्यर्थियों को भड़काने का आरोप

चार दिनों से जारी अग्निपथ के विरोध में उपद्रव के पीछे कुछ कोचिंग संचालकों की भूमिका प्रशासन संदिग्ध मान रही है। खुफिया इनपुट मिला है कि शहर से लेकर राज्य के अलग-अलग जिलों में भी कोचिंग संचालकों ने अभ्यर्थियों को उकसाया। रविवार को इसको लेकर योजना भवन सभागार में एक हाई लेवल मीटिंग की गई। कोचिंग संचालकों के बारे में जानकारी जुटाने का निर्देश दिया गया और उनपर नजर रखने की बात कही गई। इधर नगर थाना में शहर के सभी कोचिंग संचालकों को तलब किया गया था। जिसमें करीब 20 कोचिंग संचालक पहुंचे। उनसे कोचिंग न खोलने और शांति स्थापित कराने की बात कही गई। भूमिका संदिग्ध मिली तो कार्रवाई की जाएगी।

### स्थानीय पुलिस को भी इन स्टेशनों पर गश्त को कहा

गया-दीनदयाल उपाध्याय रेलखंड पर पड़ने वाले जिले के अनुग्रह नारायण, चिरैला, राम नरेश सिंह हॉल्ट, फेसर, बघोई, जाखिम, देव हॉल्ट व रफीगंज स्टेशन पर सीआरपीएफ जवानों को तैनात किया गया है। इसी तरह से सोननगर-जपला रेलखंड में सोननगर, बाघा बिशुनपुर, अंकोढ़ा, छोटकी सलैया और नवीनगर रेलवे स्टेशन पर अर्द्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। इसके साथ-साथ स्थानीय थाना को भी इन स्टेशनों पर गश्त लगाने के लिए आदेश दिया गया है। ताकि कोई गड़बड़ी न हो सके। हालांकि इन क्षेत्रों के रहने वाले सभी असमाजिक तत्वों की कुंडली पुलिस खंगाल चुकी है। कई को पुलिस ने गड़बड़ी होने की स्थिति में गिरफ्तार कर लेने की बात कही है। जिससे हड़कंप मचा हुआ है। चार दिनों में सेना अभ्यर्थी व उपद्रवियों ने दाउदनगर, रफीगंज, गोह और औरंगाबाद में जमकर बवाल मचाया है। इसे देखते हुए प्रशासन ने व्यापक तैयारी की है।

# हार्डकोर माओवादी ने किया सरेंडर, हत्या समेत 16 मामलों में पुलिस को थी तलाश

**भास्कर न्यूज** | हजारीबाग

झारखंड सरकार के उग्रवादी आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर वह पुलिस दबाव में आकर हार्डकोर माओवादी उग्रवादी 28 वर्षीय अनिल भुईयां उर्फ अनिल रिखियासन उर्फ सरकार ने सोमवार को समाहरणालय में आयोजित आत्मसमर्पण समारोह में डीसी नैंसी सहाय, एसपी मनोज रतन चौथे, सीसीआर डीएसपी आरिफ एकराम, सीआरपीएफ 22 बटालियन के कमांडेंट और एसडीपीओ बड़कागांव के समक्ष एक राइफल के साथ आत्मसमर्पण कर दिया। अनिल भुईयां ग्राम प्लांडू थाना बड़कागांव का रहने वाला है। उसके विरुद्ध हजारीबाग, रामगढ़, चतरा, कोडरमा,बोकारो सहित विभिन्न जिलों में नक्सल से संबंधित 16 आपराधिक मामले दर्ज हैं। हजारीबाग पुलिस एवं सीआरपीएफ 22 बटालियन की छापेमारी दल अनिल भुइयां को जिंदा या मुर्दा पकड़ने का प्रयास कर रही थी।

उसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस प्रशासन ने इनाम देने की घोषणा का मन बनाया था। लेकिन उसने आत्मसमर्पण कर दिया। उग्रवादी अनिल भुईयां ने पुलिस को बताया है कि पुलिस की बढ़ते दबिश के कारण वह भागा फिरा चल रहा था। माओवादी संगठन में कैडरो का शोषण किया जाता है। बड़े उग्रवादी नेता छोटे स्तर के कैडरों का मानसिक और आर्थिक रूप से शोषण करते हैं। संगठन छोड़ने की बात करने पर जान से मारने की धमकी दी जाती है। उसके ऊपर परिवार वालों की तरफ से लगातार आत्मसमर्पण करने का दबाव पड़ रहा था।



उपायुक्त व एसपी के समक्ष सरेंडर करता अनिल भुईयां।

## एक साल में चार हार्डकोर नक्सली कर चुके हैं सरेंडर

हजारीबाग पुलिस के लिए वर्ष 2021 - 22 सफलताओं का वर्ष रहा। 8 जुलाई 2021 को एक साथ तीन भाकपा माओवादी उग्रवादियों को आत्मसमर्पण कराने में हजारीबाग पुलिस सफल रही थी। इनमें कटकमदाग का रहने वाला नागेश्वर गंझु आंगो की महिला उग्रवादी उषा किस्को उर्फ उषा संथाली और महिला विंग की हार्डकोर सरिता उर्फ ममता ने सरेंडर किया था। पुनः 20 जून 2022 को अनिल भुईया को सरेंडर करने के लिए बाध्य करने में हजारीबाग पुलिस सफल रही। इन सफलताओं से पुलिस का हौसला बुलंद है।

## सरेंडर करने के बाद मिले 50 हजार रुपए नकद, मिलेंगी सरकारी सुविधाएं

झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर उसने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने मुख्यधारा से भटके हुए लोगों से अपील किया कि वह भी आत्मसमर्पण कर आत्मसम्मान का जीवन जीएं। आत्मसमर्पण के बाद अनिल भुईयां को नगद 50 हजार रूपये दिए गए। अन्य सरकारी सुविधाएं देने की बात डीसी ने कही। जानकारी दी गई कि अनिल भुईया को फिलहाल ओपन जेल में रखा जाएगा। डीसी ने आत्मसमर्पण नीति की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए जिले में सक्रिय उग्रवादियों से अपील की कि वह सरेंडर करें और सरकार की योजना का लाभ उठाएं। एसपी मनोज रतन चोथे ने कहा कि उग्रवादी घटनाओं में जो संलिप्त रहे हैं। वह आत्मसमर्पण कर दे या फिर पुलिस की गोली खाने को तैयार रहें। पुलिस लगातार अभियान चला रही है।

## निर्दयी नक्सली के रूप में थी पहचान अनिल की

अनिल भुईयां उग्रवादी का निष्ठुर व निर्दयी सदस्य के नाम से चर्चित था। उसके खाते में विभिन्न उग्रवादी संगठनों में रहते हुए कई बड़े नक्सली घटनाओं को अंजाम देने व उसमें शामिल रहने के मामले शामिल हैं। सबसे चर्चित मामला 20 मई 2017 की रात से जुड़ा हुआ है ।जब वह टीपीसी उग्रवादी संगठन में था। टीपीसी उग्रवादी संगठन के सब जोनल कमांडर सागर गंझु के नेतृत्व में सभी हार्डकोर उग्रवादी हिंदेगीर और बुंडू के बीच के जंगल में ठहरे हुए थे। उसी संगठन में अनिल भुईयां भी था। उसने मौका का फायदा उठाते हुए सभी सो रहे हार्डकोर उग्रवादियों को गोलियों से भून दिया था। इसमें 5 टीपीसी उग्रवादी मारे गए थे। उनकी हत्या करने के बाद उनका हथियार भी लेकर फरार हो गया था। इसमें अनिल भुईयां का साथ मुनेश्वर नामक उग्रवादी ने दिया था। इस घटना को अंजाम देने के बाद अनिल जेजेएमपी नाम से अपना उग्रवादी संगठन खड़ा करना शुरू कर दिया था। टीपीसीसी को बड़ी क्षति पहुंचाने के बाद टीपीसी के टारगेट में आ गया था।

खबर मंत्र – 21.06.2022

# योग करने से पूरी मानवता को हो रहा फायदाः कमांडेंट

## योग हमारी पारंपरिक पद्धति, मन से शरीर को जोड़ता हैः क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू)।** 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के एक दिन पूर्व 134वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, पलामू परिसर में केन्द्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार एवं 134वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल मेदिनीनगर की ओर से क्विज, भाषण, गायन एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र, पलामू के अधिकारियों और स्वयंसेवकों ने भी सहयोग किया। कार्यक्रम में 134वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल मेदिनीनगर के कमांडेंट सुदेश कुमार ने कहा कि योग को हमलोग सदियों से साथ लेकर चल रहे हैं। योग हिंदुस्तान की पहचान है। योग करने से पूरी मानवता को फायदा हो रहा है। यह बीमारी को खत्म कर रहा है। योग से मनुष्य की लंबी आयु हो रही है। योग को पूरी दुनिया अपना रही है। उन्होंने कहा कि योग से पूरे विश्व में हिंदुस्तान की पहचान बनी है और देश की प्रतिष्ठा बढ़ी है। उन्होंने योग को दिनचर्या में शामिल करने की बातें कही, ताकि शरीर में निरोग रहे और सभी लोग स्वस्थ रहें। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव पुष्कर ने सभी का स्वागत करते हुए केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव एवं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही कार्यक्रम के उद्देश्य एवं वर्तमान समय में योग के महत्व पर प्रकाश डाला। विभिन्न प्रतियोगिताओं का संचालन नेहरू युवा केंद्र के डीवाईओ अजीत कुमार ने किया।

मौके पर उप कमांडेंट अंशू माली एवं विजय कुमार के अलावा 134वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, मेदिनीनगर के जवान एवं नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक उपस्थित थे। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर केंद्रीय संचार ब्यूरो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार एवं 134 वी वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, मेदिनीनगर एवं नेहरू युवा केंद्र पलामू के सहयोग से वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आज सभी करेंगे योग :** क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 134वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, मेदिनीनगर परिसर में प्रातः 6:00 बजे से योग का कार्यक्रम होगा। इसमें योग प्रशिक्षकों द्वारा सभी को योगाभ्यास कराया जाएगा। इसमें कमांडेंट, सहायक कमांडेंट सहित 134वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, मेदिनीनगर के जवान, नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक एवं आर्ट ऑफ लिविंग के स्वयंसेवक मुख्य रूप से भाग लेंगे। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। योग कार्यक्रम के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मोमेंटो, मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं प्रतिभागिता प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत भी किया जाएगा।

दैनिक जागरण – 22.06.2022

# कमांडेंट के साथ सीआरपीएफ जवानों ने किया योग

- योग दिवस पर प्रखंड क्षेत्र में जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन
- प्रखंड मुख्यालय में बीडीओ संग कर्मियों ने बहाया पसीना

**संसू, मुसाबनी** : विश्व योग दिवस के अवसर पर मुसाबनी रिक्रिएशन क्लब मैदान में मंगलवार को सीआरपीएफ के अधिकारियों एवं जवानों ने योग कार्यक्रम में भाग लिया। योग दिवस का कार्यक्रम प्रातः 6 से 7 तक योग शिक्षक विद्या शंकर उर्फ कबीर कुमार एवं गौरव क्रांतिगुरु के निर्देशन में संपन्न कराया गया। उन्होंने अधिकारियों एवं जवानों को योग के विभिन्न मुद्राओं से अवगत कराते हुए योगाभ्यास करवाया।

इसमें बटालियन 193 के कमांडेंट पीई पाव, द्वितीय कमान अधिकारी केबी केएस चौधरी व उप कमांडेंट राजेश कुमार सिंह आदि अधिकारी के साथ करीब 425 जवान योगाभ्यास में भाग लिए।

योग शिक्षक विद्या शंकर (कबीर )ने सभी लोगों के बीच योग व प्राणायाम के महत्व पर जानकारी देते हुए कहा योगः कर्मसु कौशलम अर्थात कर्म की कुशलता का नाम ही होगी योग है,योग केवल आसन या प्राणायाम तक ही सीमित नहीं है। |आज योग का नाम सुनते ही केवल आसन या प्राणायाम या कुछ मुद्रा तक ही हम सीमित रह जाते है। परंतु महर्षि पतंजलि के अनुसार योग एक संपूर्ण जीवन शैली है। यह एक पूरे जीवन पद्धति है।|इसके करने के सही तरीके व उसकी बारीकी हमें जान कर ही इसे करना चाहिए। जिससे हम शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक हर तरीके से ऊर्जावान बने। कार्यक्रम का संचालन गौरव क्रान्तिगुरु ने प्रार्थना इतनी शक्ति हमें दे ना दाता के साथ योगाभ्यास की शुरुआत की। सीआरपीएफ योग ट्रेनर अरविंद कुमार गुप्ता ने योग दिवस के ऊपर संक्षिप्त बाते रखी। डिप्टी कमांडेंट राजेश कुमार सिंह नें धन्यवाद ज्ञापन दिया। सर्वे भवन्तु सुखिनः की कामना करते हुए कार्यक्रम को समाप्त किया। दूसरी ओर मुसाबनी ब्लॉक प्रांगण में भी बीडीओ सीमा कुमारी,बीपीएम प्रियंका मिंज, सक्रिय महिला सहित कई स्वयं सहायता समूह की दीदी व अन्य कर्मचारीगणों के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया है।



मुसाबनी में योग करते स्कूली बच्चे • जागरण



योग करते सीआरपीएफ के कमांडेंट व जवान • जागरण



योग करतीं जेएसएलपीएस की महिला समूह की सदस्य • जागरण

## कोबरा बटालियन में मना अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, कमांडेंट हुए शामिल

# शरीर को तंदुरूस्त रखता है योग : राजीव

**खबर मन्त्र संवाददाता**







**बरही (हजारीबाग)।** बरही स्थित 203 कोबरा बटालियन में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। अधिकारियों व जवानों ने आसनों, प्राणायाम किया गया मुख्य अतिथि 203 कोबरा बटालियन के कमांडेंट राजीव कुमार मौजूद थे। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक रूप से शरीर को तंदरुस्त रखता हैं बल्कि मानसिक एवं आध्यात्मिक उत्कृष्टता की ओर भी लेकर जाता है। यह हमारी प्राचीन भारतीय विद्या हैं, जिसके अवशेष हड़प्पा कालीन सभ्यता में मौजूद हैं, जो जैन, बौद्ध व वैदिक परंपराओं से होते हुए आज सम्पूर्ण विश्व को आलोकित एवं लाभान्वित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि योग शरीर को निरोग रखने की क्रिया है, इसे हमें नित्य करना चाहिए। डाक्टर के पास जाकर विभिन्न जांच कराने से अच्छा है कि हम आधा घंटा अपने शरीर को योग क्रिया के रूप में दें। उन्होंने कहा कि मैं नित्य व्यायाम करता हूं, योग निरोग रहने का सबसे अच्छा तरीका है। इसे प्रतिदिन करना चाहिए। मौके पर उप कमांडेंट वीरेंद्र कुमार खंतवाल, जितेंद्र सिंह राजपूत, सहायक कमांडेंट निर्भय द्विवेदी, महेश चंद बलाई, सुभाष चंद्र शीला, निरीक्षक अभिषेक कुमार, प्रदीप शंकर, संजीव कुमार, उप निरीक्षक नवनीत कुमार यादव, धनपत सिंह, विजय करण चौधरी, हवलदार प्रेम सिंह, बृजेश यादव, उमेद सिंह, मुकेश शर्मा, सपूनिया मुकेश भाई, जोगिंदर कुमार, दलवीर सिंह, सिपाही कमल शर्मा, मिंटू बोरा, धर्मेंद्र कुमार, रविंद्र, योगेंद्र सहित कोबरा वाहिनी 203 के सैकड़ो जवान व पदाधिकारी शामिल थे। उक्त जानकारी कोबरा बटालियन 203 के सबइंस्पेक्टर सह पीआरओ पंकज कुमार ने दी।

## एनटीपीसी ने उल्लास से मनाया योग दिवस

बड़कागांव। एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने मंगलवार को उल्लास के साथ मनाया योग दिवस। मौलाना आजाद इंडोर स्टेडियम, लंगतु कार्यालय, सीकरी साइट कार्यालय में आयोजन किया गया। महाप्रबंधक प्रशांत श्रीवास्तव मौलाना आजाद इंडोर स्टेडियम में मुख्य अतिथि थे, जिनका स्वागत आनंद अग्रवाल (एजीएम, आईटी) ने किया। श्री श्रीवास्तव ने कहा की भारत में 5वीं शताब्दी से अभ्यास किया जाने वाला योग तन और मन को स्वस्थ रखने में लाभकारी रहा है. एक समग्र दृष्टिकोण, योग सभी विभिन्न शरीर और मन प्रणालियों को लक्षित करता है. ऐसा कहा जाता है कि आसन शरीर को मजबूत और लचीला बनाते हैं, जैसे स्वास्थ्य में सुधार होता है; मन भी विश्वास से नया हो जाता है। पर्यावरण विभाग के अपर महाप्रबंधक बीरेंद्र कुमार, मानव संसाधन विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक मोहित कोतवाल एवं श्री अरुनभ मुखर्जी एवं अन्य सभी अधिकारी, अधिकारी के परिवार के सदस्यों, एसआईएसएफ गार्डों और डीजीआर गार्डों की सामूहिक भागीदारी देखी गई।

### नेहरू युवा केंद्र में मना योग

हजारीबाग। नेहरू युवा केन्द्र हजारीबाग के तत्वावधान में अंतराष्ट्रीय योग दिवस हजारीबाग स्टेडियम नेहरू युवा केन्द्र कार्यालय के पास आयोजन किया गया. अध्यक्षता नेहरू युवा केन्द्र लेखपाल उमेश कुमार ने किया ने किया. नेतृत्व प्रतीक भारद्वाज ने किया. संचालन ज्योति ओर सुजाता ने की. योगा प्रशिक्षण प्रदुमन पांडेय ने दिया. कार्यक्रम में नव झारखंड फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा एंव अर्जुन साव उपस्थित थे. श्री राणा ने युवाओं से कहा कि शरीर और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनों को शामिल करें। योगासन, शरीर में ऊर्जा के स्तर को बढ़ावा देने के साथ मन को शांत करते हैं. ऐसे में सभी को नियमित रूप से आधे घंटे योग करना चाहिए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा स्वंयसेवक, एंव युवा मंडलो के सदस्य उपस्थित थे।

प्रभात खबर – 22.06.2022

# सीआरपीएफ जवानों ने मनाया योग दिवस
## योगाभ्यास कर निरोग रहने का दिया संदेश



**मुसाबनी.** मुसाबनी में रिक्रिएशन ग्राउंड में सीआरपीएफ जवानों ने योगाभ्यास कर योग दिवस मनाया. इसमें मुख्य रूप से बटालियन-193 के कमांडेंट पीई पाव द्वितीय कमान अधिकारी केबीके एस चौधरी व डिप्टी कमांडेंट राजेश कुमार सिंह आदि अधिकारी के साथ करीब 400 जवान उपस्थित हुए. योग शिक्षक विद्या शंकर ( कबीर ) ने सभी लोगों के बीच योग व प्राणायाम के महत्व पर जानकारी देते हुए कहा कि योग कर्मसु कौशलम अर्थात कर्म की कुशलता का नाम ही योग है. योग केवल आसन या प्राणायाम तक ही सीमित नहीं है. आज योग का नाम सुनते ही केवल आसन या प्राणायाम या कुछ मुद्रा तक ही हम सीमित रह जाते हैं. हम शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक हर तरीके से ऊर्जावान योग से बन सकते हैं. सीआरपीएफ योग ट्रेनर अरविंद कुमार गुप्ता ने योग दिवस के ऊपर संक्षिप्त जानकारी दी. डिप्टी कमांडे राजेश कुमार सिंह नें धन्यवाद ज्ञापन किया.

**मुसाबनी शिशु मंदिर में मनाया गया योगा दिवस** : मुसाबनी के बीडीएसएल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के भैया-बहनों के संग विद्यालय परिवार ने योगाभ्यास किया. मौके पर विद्यालय के सचिव बाबूलाल सिंह ने योगाभ्यास कराया. विद्यालय प्रबंधकारिणी के सदस्य हिमांशु पात्र ने दैनिक जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डाला. प्राचार्या रूमी सरकार ने आसनों को करके दिखाया. मौके पर श्रवन गुप्ता, मंजुला दास, इंद्र देव झा, युधिष्ठिर साहू, पुतुल झा, भरत जी, मिथिलेश पांडेय, प्रतिमा कुमारी, तपन मिश्र आदि उपस्थित थे.

**मुसाबनी ब्लॉक में मना योगा दिवस** : मुसाबनी प्रखंड परिसर में बीडीओ सीमा कुमारी के नेतृत्व में विश्व योग दिवस मना. जेएसएलपीएस के बीपीएम प्रियंका मिंज, बीआरपी ,जीआरपी, सहित महिला समूह की महिलाओं ने सामूहिक योगाभ्यास किया. योग शिक्षक विद्या शंकर ने योग के विभिन्न आसनों को कराया. बीडीओ ने कहा कि हमें प्रत्येक दिन योगाभ्यास करना चाहिए, योग से ही हम निरोग रह सकते हैं.

प्रभात खबर – 22.06.2022

# सीआरपीएफ 26वीं बटालियन में योग शिविर



**चास.** चास स्थित सीआरपीएफ 26वीं बटालियन के मुख्यालय में योग प्रशिक्षक विजय कुमार ने योगाभ्यास् कराया. बोकारो रेंज के डीआइजी दिलीप कुमार चौधरी, कमांडेंट कमलेंद्र प्रताप सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी सुनील कुमार राही, डिप्टी कमांडेंट पंकज कुमार मिश्रा, डॉ आशीष शांडिल्य, ममता राय, सुषमा, रिंकू मिश्रा, रीना, निवेदिता सहित अन्य मौजूद थे.



योग दिवस पर योगा करते सीआरपीएफ के पदाधिकारी व जवान

# पारसनाथ पहाड़ में सीआरपीएफ ने मनाया योग दिवस



**पीरटांड**|विश्व योग दिवस के अवसर पीरटांड के विभिन्न स्थानों पर योग शिविर का आयोजन किया गया। प्रखंड मुख्यालय, पंचायत भवनो, विद्यालययों, सीआरपीएफ 154 बटालियन सहित विभिन्न संगठनों के द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर योगासन कराया गया। प्रखंड मुख्यालय में अहले सुबह बीडीओ दिनेश कुमार के द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया।

प्रभात खबर–22.06.2022

# अमित होंगे सीआरपीएफ झारखंड के नये आइजी

**रांची.** झारखंड सेक्टर, सीआरपीएफ के नये आइजी आइपीएस अमित कुमार बनाये गये हैं. वह बिहार सेक्टर में पदस्थापित थे. दूसरी ओर झारखंड सेक्टर के आइजी राजीव सिंह का तबादला सीआरपीएफ आइजी अभियान के पद पर किया गया है. इसके अलावा सीआरपीएफ के कुछ अधिकारियों का भी तबादला किया गया है. इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया गया है.

प्रभात खबर – 26.06.2022

# 40 आदिवासी युवकों का जत्था देहरादून रवाना

➲ **युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में शामिल होंगे सभी**



हरी झंडी दिखा कर युवकों के जत्था को रवाना करते द्वितीय कमांडेट व अन्य.

**गिरिडीह.** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत केंद्र सरकार द्वारा आयोजित होनेवाले 13 वें जनजाति युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में भाग लेने को 40 आदिवासी युवकों का जत्था शनिवार को देहरादून के लिए रवाना किया गया. इस बाबत स्टैंड रोड स्थित सीआरपीएफ सातवीं बटालियन के कैंप में सीआरपीएफ और नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में मेडिकल चेक अप कैंप का आयोजन किया गया. मेडिकल चेक अप के बाद चिकित्सकों ने हरी झंडी दिखा कर सभी को देहरादून के लिए रवाना किया.

**चेकअप के बाद रवाना किया गया जत्था :** बताया गया कि देहरादून में मुख्य कार्यक्रम 27 जून से तीन जुलाई तक आयोजित होगा. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विकास गतिविधियों, कौशल, शैक्षणिक, रोजगार के अवसरों पर ध्यान केंद्रित करते हुए देश के विभिन्न राज्यों में हो रहे तकनीकी और औद्योगिक उन्नति, समृद्ध, पारंपरिक और सांस्कृतिक विरासत, बोल चाल, रहन सहन, राज्यों के वेशभूषा को जानकर आने वाली को जानकारी देकर सक्षम बनाना है. मौके पर सातवीं बटालियन के द्वितीय कमांडेंट गोपाल कुमार गुप्ता, द्वितीय कमान अधिकारी आरएस यादव, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ रवि रंजन, सूबेदार मेजर पन्ना लाल ठाकुर, जिला युवा पदाधिकारी रवि कुमार मिश्रा, यूपी सिंह, चंद्रशेखर सिंह, अमीर सिंह समेत नेहरू युवा केंद्र के लोग मौजूद थे.

प्रभात खबर – 27.06.2022



# सीआरपीएफ ने चलाया जागरूकता अभियान

**डुमरी.** विश्व नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर रविवार को निमियाघाट स्थित सीआरपीएफ 154 बटालियन ने नशा मुक्ति के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया. उक्त कार्यक्रम सीआरपीएफ 154 बटालियन के कमांडेंट अच्युतानंद के निर्देश पर आयोजित हुआ. अभियान का नेतृत्व सहायक कमांडेंट पंकज कुमार कर रहे थे. इस दौरान जवानों ने निमियाघाट स्थित कैंप से रैली निकाली. यह रैली निमियाघाट, रेलवे स्टेशन, ईसरी बाजार पहुंची. इस दौरान जवानों ने लोगों को नशा से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया. सहायक कमांडेंट ने कहा कि नशा मुक्ति से ही नैतिक व सुखी समाज की परिकल्पना को साकार जा सकती है. उन्होंने पूरे विश्व में मनाए जा रहे नशा निषेध दिवस की थीम 'न्याय के लिए स्वास्थ्य-स्वास्थ्य के लिए न्याय' का जिक्र करते हुए कहा कि नशीली दवाओं से भी सभी को बचना चाहिए.

दैनिक भास्कर – 28.06.2022

# जवानों ने स्कूली बच्चों को दी यूनिफॉर्म, मेडिकल कैंप भी लगाया




**जगदलपुर** | सीआरपीएफ की 204 कोबरा बटालियन ने बीजापुर जिले के पामेड़ थाना क्षेत्र के पेद्दाधर्मावरम में सिविक एक्शन प्रोग्राम चलाया। इस दौरान स्कूली बच्चों को स्कूल यूनिफॉर्म व जरूरतमंदों को राशन व अन्य जरूरी सामान बांटा गया। इस दौरान बटालियन के कमांडेंट रातुल दास व उप कमांडेंट अखिलेश कुमार ने बताया सरकार और जनता के बीच पुल बनाकर उन्हें विकास की राह पर अग्रसर करना ही सीआरपीएफ का उद्देश्य है। कार्यक्रम में मेडिकल कैंप का आयोजन भी किया गया। इस दौरान सहायक कमांडेंट जी. किरण कुमार, वाई. नोरेन सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

आजाद सिपाही – 30.06.2022

### नक्सलियों के दमन विरोधी सप्ताह के दौरान सीआरपीएफ के जवान चला रहे थे सर्च अभियान

# गोमिया के जगेश्वर बिहार में सीआरपीएफ व नक्सलियों में मुठभेड़, चली कई राउंड गोलियां

## सीआरपीएफ ने की जवाबी फायरिंग, खुद को घिरता देख घने जंगलों में भागे नक्सली

आजाद सिपाही संवाददाता

**ललपनिया।** बोकारो जिले के जगेश्वर बिहार थाना अंतर्गत लुगू पहाड़ की तलहटी स्थित डाकासाड़म गांव के निकट जंगल में बुधवार की सुबह सीआरपीएफ और नक्सलियों के बीच अचानक मुठभेड़ हो गई। नक्सलियों ने जवानों को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी। सीआरपीएफ ने भी पलटवार करते हुए जवाबी फायरिंग शुरू कर दी। अंत में सीआरपीएफ जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली घने जंगलों की ओर भाग निकले। नक्सलियों की संख्या 5 से 7 बतायी जा रही है, जो अत्याधुनिक हथियार से लैस थे। बोकारो के एसपी चंदन कुमार झा ने इसकी पुष्टि की है।



नक्सलियों के गोलीबारी पर पलटवार करते सीआरपीएफ के जवान।

### गोमिया व नावाडीह के अधिकांश इलाके नक्सल प्रभावित

**बेरमो अनुमंडल अंतर्गत गोमिया प्रखंड के महुआटांड़, चतरोचट्टी व जागेश्वर बिहार थाना क्षेत्र व रहावन ओपी के इलाके नक्सल प्रभावित क्षेत्र में आते हैं। जबकि नावाडीह प्रखंड के पेंक-नारायणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ऊपरघाट क्षेत्र की गिनती अति उग्रवाद प्रभावित है। इन इलाकों में पुलिस-नक्सलियों के बीच समय-समय पर मुठभेड़ होता रहता है। हालांकि अब इसमें प्रशासन की सक्रियता बढ़ने के कारण नक्सली गतिविधियों में कमी आई है।**

### सीआरपीएफ चला रही थी सर्च अभियान

बताते चलें कि नक्सलियों की ओर से 26 जून से दो जुलाई तक दमन विरोधी सप्ताह मनाए जाने को लेकर सीआरपीएफ 26वीं बटालियन के जवान सर्च अभियान चला रहे थे। इसी दौरान डाकासाड़म के निकट जंगल में सीआरपीएफ को नजदीक आता देख नक्सलियों ने उन्हें लक्ष्य कर गोलीबारी शुरू कर दी। इस पर जवानों ने भी जवाबी फायरिंग की जिसके बाद नक्सली भाग खड़े हुए। सीआरपीएफ अधिकारियों मे कमलेन्द्र प्रताप सिंह के अलावा नारायण वलाई थे।

The Pioneer - 30.06.2022

# Security forces exchange fire with Maoists in Gomia

## Naxal literature, other items recovered

SURESH NIKHAR ■ BERMO

A gun-battle took place between CRPF and Maoists in a dense forest of Bokaro's insurgency-hit Gomia block near Jageshwar Bihar, here on Wednesday , SP Bokaro Chandan Jha said.

A squad of 26th battalion of CRPF was patrolling near Dakasadam village within limits of Jageshar Bihar police station area, when naxalites hiding in the forest opened indiscriminate fire on them, said the SP.

The exchange of fire continued for around half an hour, when, on growing police pressure, the guerrillas fled into the core forests, he said. No harm was reported to either end in the skirmish, he said.

Some naxal-related materials were reported to be recovered after the encounter but the details will be known once the patrol will reach back to its camp, the SP added.

The firefight took place between security forces and cadres of the CPI (Maoist) in Gomia block of Bokaro district, police said on Wednesday.

No injuries were reported in the encounter that occurred near Dakasaram village and nearby forest area in Jageshwar Bihar police station area on Wednesday from about 6:30 am to about 7 :30 am, a senior officer said.



Acting on a tip-off about the movement of CPI (Maoist) squad, a team of CRPF launched a search operation, senior police officials said.

The Maoists opened fire on the police team upon spotting them, and the security personnel retaliated, leading to a gunfight between them, he said.

However, the Maoists made a hasty retreat from the spot, leaving behind some daily-use items, the officer said.

According to senior police officials, police had received intelligence inputs two days back about the presence of a Maoist camp in the Jhumra area of the Gomia block.

A team of police personnel, along with CRPF launched the anti-Naxal operation. They started conducting a search operation on Wednesday morning in the Lugupahari forest.

More than 10 rounds of bullets were exchanged in the encounter between the cops and the Maoists, said sources.

*****